# पी0एन0जी0, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर (नैनीताल)

## क्रीड़ा परिषद सत्र 2015–16

दिनांक : 30–10–2015

वार्षिक क्रीड़ा/पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 26 एवं 27 अक्टूबर 2015 के शुभ अवसर पर आप फर्म :–

1. मेहरोत्रा स्पोर्ट्स, नन्दा लाइन, रामनगर (नैनीताल) द्वारा अपने स्व0 पुत्र की स्मृति में दो ट्रॉफियाँ प्रदान की गयी, इस **पुरस्कार को विशेष खेल भावना पुरस्कार** का नाम देकर एक छात्रा/एक छात्र को पुरस्कार स्वरूप भेंट किया गया।

2. राजीव पुस्तक भण्डार, कोसी रोड, रामनगर (नैनीताल) द्वारा दो ट्रॉफियाँ क्रीड़ा परिषद को उपलब्ध करायी गयी, इस पुरस्कार को **अनुशासित प्रतिभागी छात्र/छात्रा** नाम दिया गया। निर्णायक मण्डल के निर्णयानुसार चयनित अनुशासित प्रतिभागी छात्र/छात्रा को यह पुरस्कार प्रदान कर दिया गया।

3. जय गणेश ज्वैलर्स/बैंकर्स ने **दो ट्रैक सूट (शिवनरेश कम्पनी)** के उपलब्ध कराये जो 100 मीटर दौड़ में प्रथम आयी छात्रा और 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र धावक को प्रदान कर दिये गये।

4. अलकनन्दा वस्त्रालय, बजाजा लाइन, रामनगर द्वारा **दो समानान्तर (टावल)** पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गये। जो भाला फैंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र एवं छात्रा को पुरस्कार स्वरूप दिये गये।

5. लक्ष्मी फुटवियर, गली बजाजा लाइन, रामनगर (नैनीताल) द्वारा 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा धाविका को भेंट करने हेतु **एक स्पोर्ट्स शूज** उपलब्ध कराया गया जो उपरोक्त दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को प्रदान कर दिया गया।

6. अग्रवाल एण्ड कम्पनी (लखानी बूट हाउस) ज्वाला लाइन, रामनगर (नैनीताल) द्वारा **एक स्पोर्ट्स शूज** उपलब्ध कराया गया। फर्म की सद्इच्छा थी कि वह स्पोर्ट्स शूज 10,000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को दिया जाय। अतः प्रथम स्थान प्राप्त छात्र धावक को उपरोक्त स्पोर्ट्स शूज दे दिया गया।

7. अनिल फर्नीचर्स, पुरानी तहसील लाइन, रामनगर (कृष्णा का चौराहा) के समीप स्थित फर्म ने **दो समानान्तर टी–शर्ट** उपलब्ध कराये थे, जो गोला फैंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र/छात्रा को पुरस्कार स्वरूप भेंट कर दिये गये।

8. गुरूकृपा गारमैन्ट्स, जसपुरिया लाइन, रामनगर (नैनीताल) की फर्म द्वारा **दो टी–शर्ट** उपलब्ध कराये गये। फर्म की सद्इच्छा थी कि ये पुरस्कार उस छात्र/छात्रा को प्रदान किये जायें, जो चैम्पियन के बाद अंकों के योग में दूसरे स्थान को प्राप्त करेंगे, ताकि वे प्रतिभागी

मण्डल द्वारा अंकों की गणना के उपरान्त यह (भेंट) पुरस्कार स्वरूप तत्सम्बन्धी छात्र/छात्रा को प्रदान कर दी गयी।

9. फर्म कमल जरनल स्टोर चोरपानी/गौजानी रामनगर (नैनीताल) ने अपनी स्व0 माताश्री की स्मृति में **दो समानान्तर मिठाई के डिब्बे** क्रीड़ा परिषद को सौंपे थे। उनकी सद्इच्छा थी कि यह मिठाई 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा तथा सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्रा को प्रदान कर दिये जायें। उनकी इच्छानुसार उपरोक्त स्थान प्राप्त छात्राओं को मिठाई भेंट कर दी गयी।

महोदय,

वार्षिक क्रीड़ा समारोह के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से आप द्वारा महाविद्यालय क्रीड़ा परिषद को विभिन्न पुरस्कार उपलब्ध कराये गये। महाविद्यालय परिवार सहित क्रीड़ा परिषद आभार व्यक्त करती है। अपेक्षा करती है कि आगे भी आपका सुझाव, सहयोग एवं क्रीड़ा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार आगामी समय में भी महाविद्यालय क्रीड़ा परिषद को इसी तरह प्राप्त होते रहेंगे। इस विश्वास के साथ दीपावली की सपरिवार शुभ कामना।

सधन्यवाद/सादर

भवदीय,

प्रतिहस्ताक्षरित

(डॉ0 जी0सी0 पन्त)
क्रीड़ा प्रभारी,
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
रामनगर (नैनीताल)

Principal
P.N.G. Govt. P.G. College
Ramnagar (Nainital)

डॉ (श्रीमती) हेमा प्रसाद
प्राचार्य/संरक्षिका
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
रामनगर (नैनीताल)